बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–03.10.2019 समयः 07.00 बजे अपराह्न

माह सितम्बर 2019 में दिनांक 27.09.2019 से 30.09.2019 तक राज्य में अप्रत्याशित वर्षा होने एवं नदियों के जल स्तर में वृद्धि से पटना, भोजपुर, भागलपुर, नवादा, नालन्दा, खगड़िया, समस्तीपुर, लखीसराय, बेगूसराय, मुंगेर, बक्सर, कटिहार, जहानाबाद, अरवल जिले मुख्य रूप से बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

बाढ़ से 14 जिलों के 85 प्रखण्डों के 477 पंचायतों के अन्तर्गत कुल 1179 गाँव की लगभग 18.70 लाख जनसंख्या प्रभावित हुई है। बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ 56 राहत शिविर एवं 366 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है। आबादी निष्क्रमन एवं आवागमन को सुगम बनाने हेतु कुल 979 सरकारी एवं निजी नावों का संचालन किया जा रहा है। इन जिलों में बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0 टीमों के सहयोग से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। आबादी निष्क्रमन तथा राहत एवं बचाव कार्यों के निमित्त कुल **21 एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0** टीमों को लगाया गया है, जिसमें गौहाटी से बुलाये गये एन0डी0आर0एफ0 के अतिरिक्त 4 टीमें शामिल हैं। अबतक अत्यधिक वर्षापात जनित कारणों एवं बाढ़ से डूबने के कारण **73 मानव क्षति एवं 09 व्यक्ति घायल** होने की सूचना प्राप्त हुई है।

पटना शहर के जल–जमाव वाले क्षेत्रों में स्थिति से निपटने के लिये निम्न कार्रवाई की जा रही है :–

1. जिला प्रशासन के द्वारा पेयजल, फूड पैकेट एवं दुग्ध का वितरण भी कराया जा रहा है तथा **02 स्थानों पर निःशुल्क कम्युनिटी किचेन** का संचालन किया जा रहा है। पटना जिला प्रशासन द्वारा अबतक **171298 पानी का बोतल, 56000 पानी का पाउच, 21500 दूध का पैकेट, 200 ग्राम का 5000 दुध पाउडर का पैकेट एवं 33631 फूड पैकेट** का वितरण किया जा चुका है।

2. जल–जमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी हेतु पटना नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। अबतक अधिकांश क्षेत्रों में जल निकासी की जा चुकी है। राजेन्द्र नगर एवं पाटलीपुत्र कॉलोनी के कुछ क्षेत्रों में जमे जल को कल तक निकासी कर लेने की संभावना है।

3. जल–जमाव क्षेत्रों में साफ–सफाई, फॉगिंग एवं ब्लिचिंग पॉउडर के छिड़काव तथा हैलोजन टैबलेट के वितरण के लिए **नगर निगम, पटना के 75 टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के 75 टीम** प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

4. अप्रत्याशित एवं अत्यधिक वर्षापात होने के कारण पटना शहर में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण संबंधित कुछ क्षेत्रों में विद्युत सब स्टेशनों में पानी घुसने के कारण विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध हो गयी थी, जिसे पुनर्ऊर्जान्वित कर दी गयी है।

स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।